**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**02.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर अधिक बल देने का आह्वान किया है। उन्होंने सात दशमलव आठ प्रतिशत आर्थिक विकास दर हासिल करने पर देशवासियों को बधाई दी और कहा कि वैश्विक अनिश्चितता, युद्धों, संकटों और आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधाओं के बावजूद भारत तीव्र गति से प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने आलोचकों पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में कुछ लोग निराशा के माहौल में डूबे हुए हैं और हर तरफ झूठ फैला रहे हैं।

..........................................................................

**प्रश्नकाल**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल में रोपवे सरकार की प्राथमिकता में हैं, लेकिन इनकी लागत बहुत अधिक होने के कारण कई परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में दिक्कत आ रही है। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक संजय अवस्थी के मूल सवाल और विधायक हंसराज, राकेश कालिया, केवल सिंह पठानिया व सुधीर शर्मा के रोपवे संबंधी अनुपूरक सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि सरकार पी.पी.पी और ई.ए.पी मोड पर रोपवे बनाने के लिए तैयार है और निजी निवेशकों का स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिमला में रोपवे लगाने के लिए टेंडर के आकलन में इसकी लागत करीब 27 सौ करोड़ रुपये आई और अधिक लागत के कारण इस परियोजना को रद्द कर दिया गया। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि रोपवे की ट्राली खाली चलने की स्थिति में भी तीन–चार यात्रियों के खर्च का भार सरकार को उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी व्यवस्था करने पर विचार कर रही है, जिसमें रोपवे के पीपीपी मोड की अवधि 30 से 35 साल तक सीमित की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के पास करीब एक हज़ार 2 सौ करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध है और निजी निवेशकों को शिमला आने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि रोपवे के माध्यम से प्रदेश के उन क्षेत्रों को जोड़ा जाए, जहां अभी पहुंच सीमित है। पर्यटन की दृष्टि से अनछुए क्षेत्रों को रोपवे से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुनिया के कई हिस्सों की तुलना में बड़ा स्नोबाउंड क्षेत्र है और यदि वन संरक्षण अधिनियम यानी एफसीए की मंजूरी के कारण परियोजनाओं में देरी हो रही है तो सरकार इस प्रक्रिया में तेजी लाने का प्रयास करेगी। इससे पहले मूल सवाल के जवाब में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि एशियन डेवलपमेंट बैंक से प्राप्त ऋण और मदद से प्रदेश में कोई रोपवे परियोजना

स्वीकृत या निर्माणाधीन नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पीपीपी मोड के तहत छह रोपवे परियोजनाएं हैं।

..........................................................................

**जयराम ठाकुर**

प्रदेश सरकार द्वारा लॉटरी शुरू करने के फैसले के खिलाफ आज भाजपा विधायकों ने विधानसभा के बाहर धरना प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार का ये फैसला प्रदेश की नई पीढ़ी को बर्बाद करेगा और इसे तुरंत बंद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार आर्थिक तंगी का बहाना बनाकर राजस्व के नाम पर नए कर लगा रही हैं और अब लॉटरी भी शुरू कर दी है।

..........................................................................

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया किया कर्मचारी हितैषी होने का दावा करने वाली सुक्खू सरकार के कर्मचारी और पैंशनर प्रतिदिन धरने पर बैठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की कारगुजारी और नीतियों से हर वर्ग निराश है।

..........................................................................